तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अगस्त 2024

12 शिक्षक व बच्चों के बीच सेतु का कार्य करें पालक

10 विदेशी मदिरा के लिए 70 कंपनियों ने दिया रेट ...




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-11/08/24

# करहीभदर-परेंगुडा मार्ग पर रात में दिखा तेंदुआ, आसपास के ग्रामीण दहशत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- वन विभाग ने कराई मुनादी, की सतर्कता बरतने की अपील
- रात में वन मार्ग पर आने-जाने से किया मना

जिले के ग्राम करहीभदर से परेंगुडा मार्ग स्थित अब्दुल कलाम वाटिका के पास रात में एक तेंदुआ देखा गया है। तेंदुए का फोटो सोशियल मीडिया में लगातार वायरल हो रहा है।

वहीं, फोटो वायरल होने के बाद आसपास के क्षेत्रों में दहशत की स्थिति बनी हुई है। वहीं, वन विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार तेंदुआ रात में परेंगुडा मार्ग स्थित अब्दुल कलाम पार्क के पास देखा गया था। इस बीच किसी ने उसकी फोटो खींच ली, जो वाट्सअप के माध्यम से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वहीं, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को आसपास तेंदुआ होने की जानकारी मिलने के बाद से ग्रामीणों ने दहशत का माहौल है। वहीं, ग्रामीण रात होने के बाद घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। वहीं, परिजनों की सुरक्षा को लेकर चौकन्ने नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गाँव से लगे जंगल में नर और मादा तेंदुए के अलावा उनके चार छोटे बच्चे भी घूम रहे हैं, जो ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबतों का कारण बने हुए हैं।

### ग्रामीणों ने कहा नर व मादा तेंदुआ के साथ 4 शावक भी हैं

#### गाय-बछड़े व कुत्ते को पहुंचाया था नुकसान

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही ग्राम नारागाँव में एक गाय व बछड़े के साथ ही एक पालतू कुत्ते को घायल कर नुकसान पहुंचाया गया था। लेकिन, वर्तमान में कोई भी अप्रिय घटना तेंदुए को लेकर सामने नहीं आई है, लेकिन क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।



#### गांवों में कराई जा रही मुनादी

तेंदुए की जानकारी मिलने के बाद आसपास के ग्रामीण अंचलों में मुनादी कर सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को रात में जंगल मार्ग से गुजरने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

- **नारद साहू,** डिप्टी रेंजर।

## खबर संक्षेप



### संभागस्तरीय चेस स्पर्धा में चंदन व फणीश का चयन

**गुरूर।** राजनादगांव में आयोजित संभाग स्तरीय चेस प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरुर के कक्षा 12वीं एवं 8 वीं के छात्र चंदन यादव तथा फणीश का चयन हुआ है। उक्त प्रतियोगिता 31 जुलाई को राजनादगांव में आयोजित हुई थी। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य बीपी यादव एवं पीटीआई नीलम साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### तांदुला का जलस्तर बढ़ा, 36 फीट हुआ



**बालोद।** जिले में बीते दो दिनों से उमस भरी गर्मी के बाद फिर से बारिश का सिलसिला जारी है। कभी बादल छंटने से सूर्यदेव के दर्शन हो रहे हैं, तो कभी उमस भरी गर्मी लोगों की मुश्किलें खड़ी कर रही है। वहीं, बारिश भी लोगों को छाता और रेनकोट पहनने को मजबूर कर रही है। इस बीच जिले में रुक रुककर हो रही बारिश से तांदुला का जलस्तर लगातार बढ़ते क्रम पर है। तांदुला का जलस्तर बढ़कर करीब 36 फीट तक पहुंच गया है।

### भाजपा डौंडीलोहारा मंडल की बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** प्रदेश भाजपा एवं जिला अध्यक्ष भाजपा पवन साहू के निर्देशानुसार डौंडीलोहारा मंडल की विशेष बैठक 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे पुराना जनपद कार्यालय डौंडीलोहारा में रखी गई है। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व से आए विभिन्न कार्यक्रमों एक पेड़ मां के नाम, तिरंगा यात्रा (घर-घर तिरंगा), विभाजन की विभीषिका, विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम सहित अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों के संबंध में चचाई की जाएगी। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### इतवारी चीला तिहार जनपद ट्राफी प्रतियोगिता 11 को

**अंडा।** ग्राम पंचायत पाऊवारा में आगामी 11 अगस्त को इतवारी तिहार के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता समर्पण युवा मंडल द्वारा प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक राकेश हिरवानी कृषि सभापति जनपद पंचायत दुर्ग ने बताया कि उनके जनपद क्षेत्र के 5 गांव पाऊवारा, करगाडीह, बोरीगारका, कोकड़ी व कोड़िया के महिलाओं के लिए जनपद ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत फुगड़ी, कबड्डी, कुर्सी दौड़, नारियल फेंक, फुग्गा फोड़, छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता रखी जाएगी। श्री हिरवानी ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि सर्व प्रथम पंचायत स्तर ▶▶| शेष पेज 11 पर

**बीमारी :** कुछ मरीजों को इलाज के बाद दी गई छुट्टी, चल रहा बाकी का उपचार

# पैरी में नहीं थम रहा डायरिया का प्रकोप गुरूवार को सामने आए 37 नए मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम पैरी में डायरिया का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। बुधवार को डायरिया के 101 मरीज थे, जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

वहीं, गुरुवार को फिर 37 नए मामले सामने आए। इस बीच जहां कुछ मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है, तो वहीं दो मरीज देवीका ठाकुर और चारुलता पेरी को भर्ती किया गया है। प्रभावित मरीजों को ओआरएस घोल और जिंक टेबलेट देकर उनका उपचार किया जा रहा है। लोगों को पानी उबाल कर और क्लोरीन की दवाई डाल कर पीने की सलाह दी जा रही है। दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ गांव के मितानिनों को घर-घर जाकर ओआरएस के पैकेट बांटने और पीड़ितों का सही इलाज हो इसका ध्यान रखने बोला जा रहा है।




स्वास्थ्य : गांव में ही शिविर लगाकर किया जा रहा है ग्रामीणों का इलाज
ग्राम पैरी में 46 पहुंची उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या, पाइप लाइन में लीकेज से फैली बीमारी

#### गांव में ही लगाया अस्थाई शिविर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पैरी में अस्थाई शिविर लगा कर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हालांकि स्वास्थ्य स्वास्थ्य विभाग डायरिया को कंट्रोल में करने की बात कह तो रहा है, लेकिन लगातार आ रहे डायरिया के मामलों ने विभाग के अधिकारियों की भी चिंता बढ़ा दी है।

#### टैंकर के माध्यम से की जा रही पेयजल की सप्लाई

इस बीच डायरिया के बढ़ते हुए देखते हुए गांव में टैंकर पानी की सुविधा ग्रामीणों के लिए कराई जा रही है, ताकि गांव वालों को साफ पानी मिल सके। इस मामले में सरपंच रूपम देशमुख ने कहा कि पानी की जांच के लिए सैंपल ले जाया गया है। जब तक पानी की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाएगी, तब तक गांव वालों को टैंकर से पानी की सुविधा दी जा रही है।

# गौठान से मुर्गा चुराकर की पार्टी पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- देवरी थाना क्षेत्र के किसना का मामला

गौठान से मुर्गा चोरी कर रात भर पार्टी करने वाले 5 चोरों को देवरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल देवरी थाना क्षेत्र के किसना गांव में स्थित गौठान में स्व सहायता समूह द्वारा मुर्गा पालन किया जा रहा है।

वहां देशी, कड़कनाथ सहित अन्य मुर्गा का पालन किया जा रहा है। 6 अगस्त को गौठान से 25 नग मुर्गा और मोटरपंप की चोरी हो गई। इसकी शिकायत गांव के लोगों ने देवरी थाना में की थी। शिकायत के बाद देवरी पुलिस ने गुरुवार को घटनास्थल पहुंचकर छानबीन शुरू की। वहीं, संदेह के आधार पर 5 लोगों को पकड़ा। देवरी पुलिस ने बताया कि पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि एक मोटरपंप और 3 मुर्गे की चोरी की और फिर उसकी पार्टी की। पुलिस ने चोरी के मामले में जिले के सुरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर निवासी 5 लोग डिलेश्वर ठाकुर पिता रामकिशुन, नरेंद्र साहू पिता स्व. कीरता राम, सोहन राणा पिता आंनद राम, सचिन मुरेन्द्र पिता अनूप कुमार और देवलाल उर्फ बेदु निषाद पिता शत्रुराम को गिरफ्तार किया गया है।

## तालाब में डूबने से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा/बालोद



- ग्राम पंचायत खलारी के कुम्हारपारा की घटना

ग्राम पंचायत खलारी के कुम्हारपारा निवासी साहिल कुमार साहू (उम्र13) पिता महेंद्र कुमार साहू की गुरुवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। साहिल कुमार की मृत्यु की जानकारी मिलते ही ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई। महेंद्र कुमार साहू के दो लड़कों में मृतक साहिल कुमार छोटा लड़का था, जो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हारपारा खलारी में कक्षा सातवीं का छात्र था।

मिली जानकारी के अनुसार साहिल कुमार सुबह लगभग 9 बजे अपने घर से तालाब में नहाने गया था। जब वह बहुत समय के बाद भी घर नहीं लौटा, तब उसकी खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि वह नहाने के लिए तालाब में गया था। उसके बाद ग्रामीण व उसके परिजन तालाब के पास पहुंचे। वहां, साहिल का टावेल, ब्रश, कपड़ा तालाब के किनारे रखा था। इससे परिजनों सहित ग्रामीणों को अनहोनी घटना की आशंका हुई।

उसके बाद मछली पकड़ने का जाल लाकर तालाब में डालकर ढूंढना शुरू किया गया। दोपहर लगभग 1 बजे बालक का शव बाहर आया। बारिश होने से तालाब लबालब भरा हुआ है। इसकी सूचना बालोद थाने में दी गई, जिसके बाद पुलिस ने ग्राम खलारी पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए बालोद लाया। बालक का अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

## बहुत नीचे तक झूल रहे बिजली के तार, दुर्घटना की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय में बिजली के तारों के साथ केबल व इंटरनेट के वायर गलियों में झूलते नजर आ रहे हैं।

कई तार इतने नीचे हो जाते हैं कि मार्ग से आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं ऐसे में बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। वर्षा ऋतु के आगमन के पहले ही बिजली विभाग द्वारा मेंटनेंस का कार्य किया जाता है ताकि बिजली गुल होने के साथ पेड़ से बिजली वायर का टकराने के साथ वायर के ढीले होने पर तेज हवा के कारण तार टूटने जैसी संभावनाओं को देखते हुए मेंटेनेंस किया जाता है। लेकिन, लाखों रूपये खर्च कर किए गए मेंटेनेंस के कार्य के बावजूद जिला मुख्यालय की कई गलियों में वायर ऐसे ही लटक रहे हैं। जिला मुख्यालयों में ही कई खंभों में वायर का जाल बिछा नजर आ रहा है, जो कभी भी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा केबल और बिजली कनेक्शन के वायर को सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यवस्थित नहीं रखा जा रहा है।

विधायक अनिला व भाजपा प्रवक्ता देवलाल को सौंपा ज्ञापन

## नागरिकों ने मांगा जमीन का पट्टा और पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपी नारायण साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सैकड़ों पीड़ित हितग्राहियों की उपस्थिति में शासकीय भूमि का मालिकाना हक में पट्टा प्रदान करने की मांग को लेकर, विधायक अनिला भेड़िया, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी व युवा भाजपा नेता लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम के निवास में जाकर बारी-बारी से ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पट्टा दिलाने और प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने की मांग की गई। वार्ड क्रमांक 9,10,11,12,13 व14 के शासकीय चट्टान और घास भूमि में 2015 से पूर्व कब्जा कर टूटी-फूटी झोपड़ी बनाकर निवास करने वालों ने भूमि का पट्टा प्रदान कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग की। इस दौरान बताया गया कि संबंधित भूमि का प्रकरण जिला कलेक्टर कार्यालय बालोद व एसडीएम कार्यालय डौंडीलोहारा में लंबित है, उसे ध्यान में रखकर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शासन प्रशासन द्वारा पट्टा प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में गोपी साहू के वार्ड नंबर 13 की पार्षद दशोदा भुआर्य, विद्या शर्मा उपाध्यक्ष, लोकेश्वरी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा के समर्थन पत्र के साथ अनीता सोनी, राय सिंह देवांगन, संतोष कुमार यादव, संजय श्रीवास सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**भर्ती चयन समिति ने प्रक्रिया निरस्त करने का जारी किया आदेश**

# राजस्व विभाग में 90 से अधिक पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का लगाया है आरोप

जिले के राजस्व विभाग अंतर्गत सहायक ग्रेड 3, वाहन चालक, चौकीदार सहित 90 से अधिक कई विभिन्न पदों पर निकाली गई भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। भर्ती चयन समिति ने निरस्त करने का आदेश भी जारी कर दिया है। भर्ती प्रक्रिया निरस्त होने से एक प्रकार से जिले के युवाओं को न्याय मिला है, क्योंकि जिले के बेरोजगार युवाओं ने इस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी होने के आरोप लगाया था।

आपको बता दें कि इस पूरे मामले को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था जिसका एक बड़ा असर हुआ है। हरिभूमि ने जिले के बेरोजगार युवाओं द्वारा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने के मामले को प्रकाशित कर शासन प्रशासन को इस मामले पर ध्यान केंद्रित कराया था। जिसके परिणामस्वरूप भर्ती चयन समिति ने आदेश जारी करते हुए इस प्रक्रिया को निरस्त कर शासन स्तर पर नए सिरे से भर्ती कराने की बात कही है। आपको बता दें कि बीते कुछ दिनों पहले ही बेरोजगार युवाओं ने भारी बारिश के बीच अर्धनग्न होकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया था। इस भर्ती प्रक्रिया पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए निरस्त करने की मांग की थी। उसके बाद अब प्रशासन ने इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है।





आरोप: राजस्व विभाग में विभिन्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी
सीधी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने की मांग पर युवा अर्धनग्न होकर पहुंचे कलेक्टोरेट घेरने
नियमों का पालन किया जाएगा: अपर कलेक्टर
बोनस अंक नहीं दे रहे

#### जिले के एक लाख से अधिक बेरोजगारों को मिला न्याय

इस मामले के लेकर शहर के युवाओं ने बीते माह भारी बारिश के बीच धरना प्रदर्शन किया था। अब भर्ती प्रक्रिया निरस्त करने पर युवकों ने खुशी जाहिर की। युवाओं ने कहा कि वह भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं थी और सही तरीके से भर्ती नहीं की जा रही थी। युवाओं ने कहा कि अब जो भी भर्ती प्रक्रिया होगी उसमें बालोद जिले के बेरोजगार युवकों को प्राथमिकता दी जाए।

#### शासन स्तर पर की जाए भर्ती : अपर कलेक्टर

मामले में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि भतऍ प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन पर पाया गया कि चतुर्थ वर्ग और ड्राइवर पद की भर्ती के लिए जो आये हुए थे उसमें अधिकांश अभ्यर्थी विशेष जिला के थे और उनका प्रतिशत 99 तक था। इसके कारण से बालोद जिले के युवा इस भर्ती से वंचित हो रहे थे और इसके साथ ही जो अभ्यर्थियों के प्रतिशत अधिक थे वो कोरोना काल के समय के थे जो उसके पहले के प्रतिशत से जस्टिफाई नहीं हो रहा था। इसके साथ ही जिले के युवाओं में भर्ती को लेकर असंतोष और आक्रोश था। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि भर्ती प्रक्रिया को राज्य शासन द्वारा एजेंसियों के माध्यम से भर्ती लिया जाए ताकि अभ्यर्थियों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया को हमने शासन को सरेंडर कर दिया है और शासन स्तर पर यह भर्ती प्रक्रिया की जाए।

### विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम 11 को

**दल्लीराजहरा।** आदिवासी समाज जिला बालोद एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ जिला बालोद के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त को दल्लीराजहरा स्थित ओपन एयर थियेटर विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप होंगे, अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद भोजराज नाग एवं विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेंड़िया होंगे। कार्यक्रम सुबह 08 बजे सेवा अर्जी से प्रारंभ होगा। उसके बाद आदिवासी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अतिथियों का उद्बोधन होगा।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### रायपुर दक्षिण उपचुनाव मंत्री जायसवाल और शिवरतन होंगे प्रभारी




**रायपुर।** भाजपा ने रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए प्रभारियों की घोषणा कर दी है। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा प्रभारी बनाए गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद रायपुर दक्षिण विधानसभा की सीट खाली हो गई है। इस सीट पर 18 दिसंबर तक चुनाव कराना है।

### जंगल कटाई से ध्यान भटकाने टाइगर रिजर्व का झांसा : कांग्रेस

**रायपुर।** राज्य में भाजपा सरकार द्वारा तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन के दावे पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर है। सेंट्रल इंडिया का फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव के जंगलों को उजाड़ने वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए अब टाइगर रिजर्व की बात कर करके गुमराह कर रही है। जशपुर, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरबा और रायगढ़ जिले हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं। हाथियों का प्राकृतिक रहवास भी है।



### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्कूलों में विशेष आयोजन

**रायपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने सभी स्कूलों में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के उपलक्ष्य में विशेष गतिविधियों के आयोजन हेतु निर्देश जारी किए हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए थीम ''चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाः भारत के अंतरिक्ष गाथा'' है। इस अवसर पर अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर और निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान संबंधित 30 मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

### विश्व आदिवासी दिवस पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी आज से

**रायपुर ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ जनजातीय अदभुत एवं विविध संस्कृति पर केंद्रित तीन दिवसीय 9 से 11 अगस्त तक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम क्लाउड एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से रायपुर घंडी चौक स्थित कलावीथिका महंत घासीदास संग्राहालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, ग्रेसियस ग्रुप ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज एवं संचालक संस्कृति विभाग के डायरेक्टर डा. आशुतोष शुक्ला द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन के बारे में फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना और उनकी संस्कृति को मूलरूप में बचाए रखने और उसे सजोने में सहयोग देना है।

# नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष को अब चेक साइन करने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों के अध्यक्ष को निकाय के कार्यों से संबंधित चेक साइन करने का अधिकार नहीं रहेगा। सरकार ने यह अधिकार अब निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दे दिया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। खास बात ये है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह अधिकार अध्यक्षों को दिया गया था।

## अब सीएमओ करेंगे चेक साइन, अध्यक्ष को मिलेगी केवल सूचना




### अब हुआ नियम में बदलाव

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका लेखा नियम 1971में संशोधन किया जा रहा है। इस एक्ट के नियम 81 के उप नियम (1) में शब्द मुख्य नगरपालिका पदाधिकारी अपनी राय के साथ उस दस्तावेज को सक्षम प्राधिकारी के पास भुगतान के आदेश के लिए प्रस्तुत करेगा के स्थान पर शब्द मुख्य नगर पालिका पदाधिकारी प्रत्येक देयक या प्रमाण पर भुगतान आदेश देने में सक्षम होगा। प्रतिस्थापित किया जाए।

इसी क्रम में यह संशोधन भी है कि लेखापाल द्वारा चेक एवं ई पेमेंट तैयार किए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चेक एवं ई पेमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी किए गए भुगतान आदेश चेक एवं ई पेमेंट की सूची, आगामी तीन कार्य दिवसों के भीतर अध्यक्ष को सूचनार्थ भेजी जाएगी। प्ररूप 62 में शब्द अध्यक्ष का लोप किया गया है। इसका मतलब चेक साइन करने का अधिकार अध्यक्ष को नहीं होगा।

### कांग्रेस सरकार में अध्यक्ष को था अधिकार

*पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को चेक साइन करने का अधिकार दिया था। कांग्रेस का उस समय कहना था कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को यह अधिकार मिलने से नगरीय निकायों को मजबूती मिलेगी। लेकिन अब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के फैसले को बदल दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल में 2015 तक चेक साइन करने का अधिकार निकायों के अध्यक्षों के हाथ था, लेकिन 2015 में इसे बदलकर सीएमओ को सौंप दिया गया था। उस समय भी कांग्रेस ने रमन सरकार के इस फैसले का विरोध किया था।*

## विदेशी मदिरा स्प्रिट के 303 एवं बीयर के 69 ब्राण्ड शामिल

# विदेशी मदिरा के लिए 70 कंपनियों ने दिया रेट ऑफर, दर होगी सार्वजनिक, सस्ती होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए जारी रेट आफर में 70 कंपनियों ने रेट ऑफर प्रस्तुत किया है, जिनमें छत्तीसगढ़ के मदिरा विनिर्माताओं के साथ-साथ अन्य राज्यों में निर्मित की जाने वाली मदिरा और विदेश में निर्मित मदिरा आपूर्ति करने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इन कंपनियों ने विदेशी मदिरा स्प्रिट के 303 ब्राण्ड एवं बीयर के 69 ब्राण्ड के रेट दिए हैं। फुटकर विक्रय के लिए अनुमोदित होने वाली दर को ब्राण्ड एवं लेबलों के अनुसार ब्रेबरज कार्पोरेशन सार्वजनिक करेगा। इससे शराब सस्ती होने की उम्मीद की जा रही है।

बैठक में सचिव सह आबकारी आयुक्त आर संगीता ने विदेशी मदिरा की खरीदी से लेकर उपभोक्ताओं को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रस्तावित व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं को विदेशी मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित व्यवस्था के लागू होने से यूरोप के बड़े देशों में बिकने वाले लोकप्रिय बाण्ड की मदिरा भी दुकानों में मांग अनुरूप उपलब्ध रहेगी।




### आबकारी मुख्यालय से होगी मॉनिटरिंग

अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा का विक्रय न हो एवं मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मदिरा के निर्धारित रेट एवं क्वालिटी की निगरानी एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी के मामले में प्रभावी कार्रवाई के लिये मदिरा दुकानों में लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों को आबकारी मुख्यालय के सेन्ट्रलाईज्ड वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। आबकारी विभाग द्वारा मोबाइल बेस्ड एप्लिकेशन तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए राज्य के मदिरा दुकानों में विभिन्न ब्रांड की मदिरा की उपलब्धता की जानकारी आम लोगों को मिल सकेगी।

### अवैध मदिरा के विक्रय पर कठोर कार्रवाई करें

बैठक में सचिव सह आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा अवैध मदिरा एवं अन्य मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मदिरा की बिक्री से प्राप्त राशि निर्धारित समयावधि में विनिर्दिष्ट बैंक खाते में जमा कराएं। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित कैश कलेक्शन, बैंक एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

### सीधे कंपनियों से खरीदी, कैबिनेट का निर्णय

गौरतलब है कि कैबिनेट की बैठक में विदेशी मदिरा के थोक विक्रय एवं भंडारण के लिए वर्तमान में प्रचलित एफएल 10 ए बी अनुज्ञापप्ति की व्यवस्था को समाप्त करते हुए सीधे विनिर्माता इकाइयों से विदेशी मदिरा का थोक क्रय किए जाने का निर्णय लिया गया था। विदेशी ब्रांड की मदिरा की सीधी खरीदी की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन को दी गई थी। इसके परिपालन में ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा विदेशी मदिरा खरीदी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में कंपनियों को रेट ऑफर भी जारी किया गया है।

# बुनकरों के उत्पादित कपड़े स्कूल ड्रेस के लिए सरकारी योजना में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- बुनकरों के पारिश्रमिक में 20 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा
- भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री साव और उद्योग मंत्री देवांगन की बड़ी घोषणाएं

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने घोषणा की है कि सरकार बुनकरों द्वारा उत्पादित कपड़ों को स्कूल शिक्षा विभाग में स्कूल ड्रेस के लिए सरकारी योजनाओं में शामिल करेगी। यह योजना पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लागू की थी।

इसे हम फिर से इस सरकार में लागू करके बुनकरों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाएंगे, जिससे ज्यादा-से-ज्यादा बुनकरों को काम मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। श्री साव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी बुनकर प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आहूत बुनकर संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुनकरों को अभी तक उनके कार्यों के एवज में मिल रहे पारिश्रमिक में 20 प्रतिशत की वृद्धि राष्ट्रीय बुनकर दिवस के अवसर पर आज से ही लागू करने का ऐलान किया।

श्री देवांगन ने इसी के साथ बुनकर भाइयों से नई तकनीक से अपना काम करने एवं युवा वर्ग को इससे जोड़ने के लिए भी आह्वान किया। बुनकरों की समस्याओं को हल करने के बारे में भी श्री देवांगन ने विस्तार से चर्चा की।

### दिव्यकला मेला 16 से 22 अगस्त तक

रायपुर। केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार खटिक द्वारा दिव्य कला शक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम द्वारा 16 से 22 अगस्त तक बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में आयोजन किया जाएगा। दिव्यकला मेला कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुभवी कोरियोग्राफर एवं दिव्यांगजन प्रतिभागियों से व्यक्तिगत या समूह के रूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 9 अगस्त तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# सरकार को मिला 13 हजार करोड़ का खनिज राजस्व, 24 साल में बढ़ा 30 गुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार को खनिज राजस्व से 2023-24 में 13 हजार करोड़ रुपयों का राजस्व मिला है। खास बात ये है कि राज्य गठन के समय के मुकाबले राजस्व में यह 30 गुना की बढ़ोतरी है। यह जानकारी राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की 24वीं बैठक में आज खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने दी। रायपुर स्थित सिविल लाइंस विश्राम भवन के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में यह बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव पी. दयानंद ने कहा कि किसी भी देश एवं राज्य के विकास में खनिजों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। छत्तीसगढ़ में खनिज अधारित नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में विद्यमान विभिन्न खनिजों का सतत एवं व्यवस्थित तरीके से अन्वेषण किया जाना चाहिए।




### खनिज खोज पर दिए प्रेजेंटेशन

केन्द्र तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों, उपक्रमों के प्रतिनिधियों द्वारा भी छत्तीसगढ़ राज्य में किये गये खनिज अन्वेषण कार्यों की जानकारियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

### एजेंसियों के बीच हो समन्वय

श्री दयानंद ने बैठक में उपस्थित अन्वेषण कार्यों से संबद्ध सभी विभागों एवं संस्थानों से कहा कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु वे अपनी कुशलता, संसाधन एवं उपलब्ध नवीनतम तकनीकियों का उपयोग कर प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों का अन्वेषण करे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में खनिजों के विकास के लिए कार्य करने वाली एजेंसियों के मध्य उत्पादित आंकड़ों को आपस में साझा करने और परस्पर समन्वय स्थापित किये जाने की सलाह दी है।

### चूना पत्थर, लौह अयस्क के नए भण्डार खोजे गए

भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग के संचालक सुनील कुमार जैन ने वर्ष 2023-24 में हुए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कुल 1050 मिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के कुल 179 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये। खान मंत्रालय, भारत खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में एनएमईटी के तहत वर्ष 2023-24 में चूनापत्थर हेतु 01 अन्वेषण परियोजना की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अधिसूचित निजी अन्वेषण संस्थान को एनएमईटी के तहत राज्य के अन्वेषण कार्य हेतु तीन प्रस्ताव स्वीकृत किये गये थे। इसमें दो ग्रेफाइट एवं एक दुर्लभ मृदा धातुएं (आरईई) शामिल हैं।

# लेट-लतीफी पर कमिश्नर सख्त, कहा- कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी, जरूरत पड़ने पर करें निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



शासकीय कार्यालयों में निर्धारित समय पर अधिकारी-कर्मचारियों के नहीं पहुंचने पर रायपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी समय पर ड्यूटी पहुंचें इसका विशेष ध्यान दें। यह जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई हिदायत देने के बाद भी गलती कर रहा है, तो कार्यालय प्रमुख शासकीय नियमों के तहत निलंबन की कार्रवाई भी कर सकते हैं।

**बायोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम लगाने के निर्देश :** संभाग कमिश्नर ने बुधवार को संभाग कार्यालय में शासकीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम लगाने की पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों में चल रहे विकास कार्यो की अद्यतन जानकारी अधिकारियों से ली। बैठक में कृषि, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

विदित हो कि कमिश्नर ने दो दिन पहले कृषि विभाग, नगर ग्राम एवं निवेष विभाग तथा सरकारी पंजीयक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग कार्यालय के मेन गेट पर सुबह 10 बजे ताला लटका मिला था, वहीं नगर ग्राम एवं निवेष एवं पंजीयक विभाग के कार्यालयों में एक-दो कर्मचारियों को छोड़कर अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। इसे लेकर कमिश्नर ने गहरी नाराजगी जताते हुए 25 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे।

**अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण जल्द निपटाने के निर्देशः** बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत शामिल सभी जन सेवाओं को निर्धारित समय सीमा में हितग्राहियों को उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने इन सेवाओं से संबंधित जानकारी बोर्ड लगाकर कार्यालयों में प्रदर्शित करने, ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने तथा सप्ताहवार प्रिंट आउट लेकर पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संभाग स्तरीय अधिकारियों से अपने-अपने कार्यालयों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

खेती-किसानी के लिए ग्रामीणों को ना हो कोई तकलीफ, पहले से रहें इंतजाम- बैठक में श्री कावरे ने चालू खरीफ मौसम के संदर्भ में खेती-किसानी के लिए खाद-बीज-दवा, उद्यानिकी फसलों के बीज, दवा आदि की उपलब्धता और वितरण की भी जानकारी अधिकारियों से ली।

# खाद के लिए किसानों को करना पड़ रहा अतिरिक्त खर्च

**रायपुर।** खरीफ के लिए किसानों ने बुवाई के साथ-साथ अब खाद के लिए मशक्कत शुरू कर दी है। ज्यादातर सहकारी सोसाइटियों में खाद का स्टॉक अभी पर्याप्त है, लेकिन प्रति हेक्टेयर खाद की मात्रा निर्धारित होने की वजह से किसानों को खुले मार्केट से भी डीएपी, पोटाश और यूरिया की खरीदी महंगे दामों में करनी पड़ रही है। सोसाइटियों में 266 रुपए की यूरिया खुले बाजार में 350 रुपए में मिल रही है। पोटाश और डीएपी के 1400 से 1500 रुपए तक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। सोसाइटियों में खाद का उठाव किसानों ने कर लिया है, बचे किसान ही खाद उठाने आ रहे हैं। अतिरिक्त खाद के लिए किसानों को बाजार से मंहगे में खरीदी करनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल के लिए सोसाइटियों में खाद का भंडारण किया जाता है, इसका वितरण मांग के अनुसार किसानों को किए जाने का दावा भी किया जा रहा है। सोसाइटी से सिर्फ खातेदार को ही खाद मिलती है। किसान को प्रति हेक्टयर 17 हजार 400 रुपए की खाद दी जाती है। खुले बाजार में सोसाइटी से महंगे दामों में खाद की खरीदी किसानों को करनी पड़ रही है। प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म-अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक नागेश्वर प्रसाद आ. श्री उदेराम उम्र 30 वर्ष जाति हल्बा निवासी ग्राम तरौद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका महेश्वरी आ. श्री रामसाय जाति हल्बा आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम कामता तह. डौंडी, जिला बालोद (छ.ग.) छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित छत्तीसगढ़ विवाह का अनिवार्य पंजीयन नियम 2006 के नियम 5 (2) के तहत पुष्टिकरण के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 22/08/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आगामी तिथि 22/08/2024

आज दिनांक 06/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार मार्री बंगला देवरी जिला बालोद छ.ग.**

**-:: ईश्तहार ::-**


**ई-कोर्ट प्र.क्र. 2024072406000/अ-21 /2023-24 ग्राम सोरली प.ह.नं. 16**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता/ग्रामवासी ग्राम सोरली प.ह.न. 16 तहसील मार्री बंगला-देवरी जिला बालोद छ.ग. को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक खम्हनलाल आ. शंकरलाल जाति हल्बा ग्राम भैंसबोड़ तहसील डौंडी जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम सोरली स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1481/1, 1481/2 रकबा 0.28, 0.32 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.60 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है । उक्त वाद भूमि को आवेदक द्वारा अपने निवास स्थान से दूर तथा पत्नी के ईलाज हेतु राशि के आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवारी क्रेता उपेन्द्र कुमार यदु आ. स्व. श्री दामुलाल यदु जाति ठेठवार निवासी सोरली प.ह.नं. 16 के पास रू. 6,75,000/- में विक्रय करने का इकरारनामा सहित भूमि विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत आवेदन पत्र जाच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया है । अतएव वाद भूमि को गैर आदिवारी क्रेता उपेन्द्र कुमार यदु आ. स्व. श्री दामुलाल यदु जाति ठेठवार निवासी सोरली के पास विक्रय करने की अनुमति दिये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वे सुनवाई दिनांक 16.08.2024 तक मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार मार्री बंगला, देवरी**



Recognized by Indian Nursing Council & C.G. Nurses Registration Council

Nursing Education

B.Sc. Nursing 4 Years Course

100% CAMPUS PLACEMENT

MARUTI INSTITUTE OF NURSING

Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur

Vill- Danitola, Post- Bhaisbod, Teh- Dondi. Distt- Balod (C.G.)

www.marutinursing.com, marutidalli@rastoginursing.com

✆ 09229820000, 07470542137

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल

अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा

डॉ. विजय रावत

(MBBS/DCH)

नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ

पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

मो. 9981321524/7223011528

समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पौधारोपण

**बालोद।** जिला अध्यक्ष पवन साहू ने अपनी माताजी के जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू ने अपनी माता जी का 75वां जन्मदिन मनाया। सुबह अपने गांव में माताजी के साथ पौधारोपण कर एक पेड़ मां के नाम का संदेश दिया। उसके बाद बालोद स्थित गायत्री मंदिर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। गायत्री परिवार के सदस्यों ने भी उनके जन्मदिन पर माता जी को बधाई देकर आशीर्वाद लिया।

### दो ट्राली बैग से नशे का सामान जब्त

**भिलाई।** नशा का सामान ले जाते एक युवक को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पेज 9 का शेष

### इतवारी चीला तिहार ...

पर प्रत्येक ग्रामों में पंचायत द्वारा प्रतियोगिता कराई जाएगी। ग्राम पंचायत में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को जनपद ट्रॉफी में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा पुरस्कार जीतने वाले ग्राम पंचायत को जनपद चैम्पियन ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। विभिन्न ग्राम पंचायत से आने महिलाओं के लिए अलग रंग का ड्रेस कोड दिया गया है। करगाडीह के लिए गुलाबी, बोरीगारका नीला, पाऊवारा हरा, कोकड़ी लाल, कोड़ियां पीला रंग होगा। आयोजन सुबह 10 बजे से रखा गया है।

विभाग एवं थाने में न्याय नहीं मिलने से परेशान पीड़ित अब कलेक्टर जनदर्शन में कर रहे शिकायतें

# घर खाली कराने के बाद अनुदान राशि देने से इनकार, एक परिवार को मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कलेक्टर जनदर्शन में अब ऐसे लोग भी शिकायतें करने पहुंच रहे हैं, जिन्हें संबंधित विभागों या थानों में न्याय नहीं मिल पा रहा है। एक विधवा महिला ने एक कंपनी के खिलाफ घर खाली करने के बाद भी अनुदान राशि नहीं देने की शिकायत की है। वहीं एक परिवार ने रजिस्ट्री कराने में धोखाधड़ी करने के बाद मकान खाली कराने के लिए गुंडों द्वारा धमकियां दिए जाने की शिकायत की है। इन दोनों मामलों का निराकरण करने के लिए कलेक्टोरेट से संबंधित विभागों को मॉर्क कर भेजा गया है।





### 3 साल से श्रम विभाग व कलेक्टोरेट का चक्कर लगा रही विधवा

मोर मकान मोर आवास योजना के तहत आबंटित आवास में रहने वाली अमलीडीह निवासी संगीता रेड्डी जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि उनका पति स्व. विजय रेड्डी रायपुर स्थित एक वर्क्स कंपनी में काम करता था। इस कंपनी में वह 45 साल तक काम किया है। इस दौरान उनका परिवार कंपनी द्वारा दिए घर पर ही रह रहा था, लेकिन अप्रैल 2019 में उनके पति की मृत्यु के बाद कंपनी द्वारा कोई राशि नहीं दी गई, बल्कि घर खाली करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर श्रम विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई। इस पर विभाग के अधिकारियों ने कंपनी के संचालक को बुलाया और समझौता कराया। कंपनी ने घर खाली करने पर 70 हजार रुपए देने के लिए सहमति जताई। इस पर विश्वास कर संगीता ने घर खाली कर दिया, लेकिन कंपनी ने 5 हजार रुपए देकर शेष राशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद से महिला पिछले 3 साल से शेष अनुदान राशि के लिए श्रम विभाग और कलेक्टोरेट कार्यालय का चक्कर काट रही है।

- संबंधित विभागों या थानों में न्याय नहीं मिल पा रहा
- रजिस्ट्री कराने में धोखाधड़ी करने के बाद मकान खाली कराने के लिए गुंडों द्वारा धमकियां दिए जाने की शिकायत की
- परेशान होकर श्रम विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई

### रजिस्ट्री कराने में धोखाधड़ी, अब मकान खाली करने धमकियां दी जा रहीं

बड़ा अशोक नगर प्रीतम नगर गुढ़ियारी निवासी अमित टेमरे की पत्नी भुमेश्वरी अपनी बच्ची के साथ जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उसने एक जमीन का 16 लाख रुपए में सौदा किया था, उस जमीन पर मकान भी बना हुआ है, जिसमें उसका परिवार रहता है। इस जमीन का आधा हिस्सा एक दूसरे व्यक्ति ने खरीदा था। जमीन का सौदा होने के बाद उसने जमीन के लिए 8 लाख रुपए भी दे दिए थे। इस तरह जमीन की दो रजिस्ट्री होनी थी, लेकिन दूसरे व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर पूरी जमीन की रजिस्ट्री अपनी पत्नी के नाम पर करा ली है। अब उस व्यक्ति द्वारा उसके परिवार को परेशान किया जा रहा है। इसके लिए मकान के बाथरूम गेट पर कैमरा भी लगा दिया है, वहीं अलग-अलग लोगों से कॉल कराकर उसे धमकियां दी जा रही हैं। इस संबंध में उसके पति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करानी चाही, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया है। इस कारण वह अब कलेक्टर से गुहार लगाने आई है।

## वार्ड 18 व 19 के लोगों के लिए लगा समस्या निवारण शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 18 तिलक वार्ड एवं 19 स्वामी विवेकानंद वार्ड के निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान राशन कार्ड बनाने हेतु कुल 02, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 30, पेयजल से संबंधित 04, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 13, महिला बाल विकास से 11, प्रधानमंत्री आवास हेतु 02 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म–मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 87 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पालिका दल्लीराजहरा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में लोक निर्माण विभाग के 39 तथा राजस्व विभाग के 52 सहित अन्य विभाग के कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुल 39 आवेदन प्राप्त हुए।

## गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह ने मंत्री गडकरी से की भेंट

**गुण्डरदेही।** अपने दिल्ली प्रवास के दौरान गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान राज्यमार्ग क्रमांक 05 राजनंदगांव–देवरी–अंतागढ़ मार्ग, राज्यमार्ग क्रमांक 07 दुर्ग–गुंडरदेही–बालोद मार्ग, राज्यमार्ग क्रमांक 23 राजनंदगांव–अर्जुंदा–गुंडरदेही–धमतरी– नगरी मार्ग राज्य मार्गो का उन्नयन राष्ट्रीय राजमार्ग में स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।



## विश्व आदिवासी दिवस पर विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी संस्कृति का उत्सव, एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी जीवनशैली पर एक विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें महाविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएससी बीएड, बी. एड, डीएलएड सहित सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने आदिवासी वेशभूषा प्रदर्शनी, आदिवासी लोक गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त आदिवासी जीवनशैली पर एक विचार प्रस्तुतिकरण और रैम्पवॉक का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रजनी राय, उपाध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय, थीं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देना और लोगों को इसके बारे में जागरूक करना है। हमें विश्वास है कि यह आयोजन आदिवासी संस्कृति के प्रति लोगों की समझ और सम्मान को बढ़ाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।






## खबर संक्षेप



### प्रसूताओं को नियमित स्तनपान के लिए प्रेरित करने की ली शपथ

**अंडा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एनएल बंजारे के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के सहयोगियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म के 1 घण्टे के अंदर स्तनपान आरंभ कराने के साथ ही 6 माह तक केवल एकनिष्ठ स्तनपान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही कहा कि 6 माह की उम्र के बाद ऊपरी आहार के साथ-साथ स्तनपान जारी रखने सलाह देंगे। वहीं, बच्चे को डायरिया, निमोनिया व कुपोषण जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाने का प्रयास, अधिक से अधिक माताओं को गर्भावस्था से ही स्तनपान संबंधी जानकारियाँ देकर जागरूक करते हुए नवजात मृत्यु को कम करने का प्रयास करने की भी शपथ ली।

### कलेक्टर ने सिवनी स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी के मछली पालन विभाग के कार्यालय परिसर में स्थित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में निर्मित हेचरी, इंक्यूबेशन पूल, ओव्हर हेड टैंक आदि का निरीक्षण कर मत्स्य बीज उत्पादन के प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मछली बीज उत्पादन के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अण्डे के अलावा 15 दिन तथा एक महीने के अवधि के मछली बीजों का भी अवलोकन कर अधिकारियों से इसके निर्धारित दर के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का कार्य सुचारू संचालन एवं समुचित मात्र में मछली बीज का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की प्रबंध करने को कहा। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित मत्स्य पालन कृषक से चर्चा कर मछली पालन कार्य के संबंध में जानकारी ली।

### बाइक सवार से युवकों ने मोबाइल छीना, फरार

**भिलाई।** काम पर जा रहे बाइक सवार का दो युवकों ने मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।छावनी पुलिस ने बताया कि न्यू खुर्सीपार निवासी पूरन सिंह 5 अगस्त की रात 8 बजे अपनी बाइक से निवास से मौर्या टॉकिज जाने के लिए निकला था। तीन दर्शन मंदिर के सामने भीड़ होने पर बाइक को पीड़ित तेज रफ्तार कर दिया।

## आयोजन : शिक्षक-पालक मेगा बैठक में वक्ताओं ने दी राय

# शिक्षक व बच्चों के बीच सेतु का कार्य करें पालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव-आर में जनप्रतिनिधियों, पालक, शिक्षक, पूर्व छात्रों के बीच जीवनदायनी संस्कारित शिक्षा को लेकर पालक-शिक्षक और विद्यार्थियों की भूमिका पर मंथन बैठक हुई। प्रबुद्ध वर्ग एवं पालक बैठक में शामिल हुए।

■ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव-आर में हुई बैठक

प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि नई शिक्षा नीति क्रांति का पैगाम लेकर आई है। पालकों एवं बच्चों के बीच में सुव्यवस्थित व्यवस्था निर्भीक स्नेह भरा संवाद होते रहने से होनहार मंजिल की ओर कदम बढ़ाता चला जाएगा। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के बारे में पालक-शिक्षक के बीच संवाद होते रहना चाहिए। संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि पालक सजगता बरतें और अपने जिगर के टुकड़े को होनहार बनाने में शिक्षक और बच्चे के बीच सेतु का काम करें। बच्चे झिझक वश शिक्षक से जो बातें नहीं कह पा रहे हों, उसे हल करने में मददगार बनें।

पालकों को बच्चों की पढ़ाई की जानकारी और स्कूल से घर और घर से स्कूल के अलावा अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान रखना होगा। बच्चे का होनहार बनना पालक और स्कूल दोनो के लिए गर्व की बात है। नोडल शिक्षक ओमप्रकाश वर्मा ने पालकों से विशेष सहयोग करने के साथ अपने बच्चों को घर में समय सारिणी के साथ पढ़ाई कराने का अनुरोध किया। साथ ही न्योता भोज में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाने का आग्रह किया।



### बच्चों के स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहें

पालक डॉक्टर गुलाब साहू ने बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक रहने की अपील की। महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष नरेश केला ने नई शिक्षा नीति के साथ शासन की योजना के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और नैतिक शिक्षा पर जोर देते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा मंडल जामगांव आर अंगेश्वर साहू तथा विनीता सुधीर, खैरून निशा खान, सिंधु अनिल कुमार, ताम्रध्वज बंजारे ने भी संबोधित किया। बैठक में सरपंच राजकुमार ठाकुर, आरएस साहू, रूपेंद्र शुक्ला, बेलहारी उप सरपंच मनीष चंद्राकर संकुल से आए समस्त प्रधान पाठक, आस पास के गांव के सरपंच, विद्यालय के शिक्षक दीपिका मारकंडे, नीलक्षी मुखोपाध्याय, अंजली मौर्या, दीप्ति प्रधान, एनके धीवर, वसीम खान, अमन, मोहित साहू, माधुरी यादव सहित समस्त पालक गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के लिए शासन द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर अधिकारी तहसीलदार पाटन मीना साहू भी उपस्थित रहीं।

## बेल्हारी में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक



**जामगांव आर।** संकुल केंद्र बेल्हारी में शिक्षक-पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संकुल बेल्हारी के संबंधित विद्यालयों के लगभग पालक, गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक शामिल हुए। इसीरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई।

संकुल प्राचार्य वायके साहू ने पालकों की सकारात्मक भूमिका का बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में विस्तार से बात रखी। संकुल समन्वयक देवांगन ने परीक्षा के समय तनाव में पालकों के दायित्व के बारे में चर्चा की। बेल्हारी के उपसरपंच मनीष चंद्राकर ने नैतिक शिक्षा और संस्कार दिलाने में परिवार के महत्व के संबंध में जानकारी दी। सरपंच प्रतिनिधि हलधर महमल्ला ने कहा कि पालक, बालक और शिक्षक के संयुक्त प्रयास से ही सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य वायके.साहू, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर देवांगन, किशोर साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, जायसवाल, सिरमौर, श्रद्धा वर्मा, कमलेश कुमार साहू, पुलस्त्य कुमार, मरकाम, यादव एवं संकुल के अन्य शिक्षकों के साथ पालकगण, समुदाय के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खुशबू मेम ने किया।

# बेलौदी में हुई संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक मेगा बैठक




**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में मंगलवार को संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संकुल केन्द्र बेलौदी के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला बेलौदी चिचबोड़ भूसरेंगा, सतमरा तथा सियनमरा के अध्ययनरत छात्र छात्राओं के पालक शामिल हुए।

सर्वप्रथम शाला की प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी रेणुका साहू तथा संकुल समन्वयक संदीप जोशी ने कार्यक्रम उद्देश्य से पालकों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शाला में बच्चों का नामांकन उनका ठहराव तथा नियमित उपस्थिति तथा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ-साथ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होना जरूरी है। इसके लिए पालक-बालक एवं शिक्षकों में समन्वय व सहयोग होना आवश्यक है। बैठक में पालकों के साथ बारह बिंदुओं पर चर्चा की गई। अतिथियों तथा पालकों ने शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बेलौदी कांति बाई सारथी, उपसरपंच शेषनारायण साहू, श्यामलाल मंडावी, मोहन लाल मंडावी, होलेश्वर साहू, उमेश साहू, नोहर साहू, विचित्र कुमार साहू, केजू राम साहू, संकुल शाला के सम्मानित पालक तथा शिक्षक उपस्थित थे।

# विनायकपुर में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने टीएल बैठक में इसकी तैयारियों की विशेष समीक्षा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव ने कहा कि कि बच्चे निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति और मध्यान्ह भोजन जैसी अन्य सुविधाओं का लाभ लेते हुए शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं भविष्य की संभावनाओं को तराशने में पालकों का सहयोग अपेक्षित और अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक, शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास और एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटी के प्रति सकारात्मक वातावरण और तनावमुक्त परीक्षा देने के लिए अभिभावकों से संवाद को जरूरी बताया है। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक संध्या शिवरामवार, ईश्वर देशमुख, रमेश देशमुख, चेतन साहू, प्रधान पाठक आमटी, सरपंच ललिता गजपाल, आमटी सरपंच घनश्याम सिंह साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष स्मृति सोनी, भामिनी महार, मानसिंग पटेल, खिलेन्द्र पटेल, शशिकला देवांगन, त्रेता चंद्राकर सहित ग्राम विनायकपुर व आमटी के पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### शिक्षक और माता-पिता पर निर्भर करती है बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा

पैरेंट्स टीचर मीटिंग के नोडल अधिकारी नीलू चंद्राकर ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा शिक्षक और माता-पिता पर निर्भर करती है। बैठक में टीकेंद्र चंद्राकर ने मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता, बस्तारहित शनिवार, बच्चों के आयु-कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, छात्रवृत्ति पर चर्चा एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए शिक्षा संबंधी 12 बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक और पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनेगा। संकुल प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत व संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार ने भी बच्चों की पढ़ाई लिखाई व उनके पढ़ाई के माहौल को शांत रखने के लिए पालकों को कहा।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम



**अंडा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में स्नातक प्रथम वर्ष का दीक्षारम्भ कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पवन शर्मा, कृष्णा पटेल, संजय कश्यप, अरविंद पटेल एवं राजेंद्र पटेल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में बताया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र साहू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी देते हुए उसे शिक्षा जगत में असाधारण बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीना चक्रवर्ती एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ तापस मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अन्नपूर्णा महतो, सुरेन्द्र मेहर, डॉ संगीता शर्मा, कविता ठाकुर सहित सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## भरर में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक





**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। वहीं, भाजपा नेता जागेश्वर, शुक्ला अरुण चंद्राकर सरपंच गरिमा भारदीय मंचासीन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि नई शिक्षा नीति मजबूत संस्कार और विज्ञान की बुलंदी का समावेश है। प्राचार्य पद्मिनी शांडिल्य ने कहा कि जिस बात पर संशय हो उसका हल उल्लेखित 12 बिन्दुओं के माध्यम से शिक्षकों द्वारा पालकों से विस्तार से समझकर अपनी जिज्ञासा शांत कर सकते हैं। प्राचार्य ने शाला में विद्यार्थी हित, शिक्षण व्यवस्था तथा शाला की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वत्रंतता दिवस समारोह 2024 दिल्ली में प्रेरणा बंजारे का सम्मान होना है, यह दुर्ग जिला, संकुल और अपने विद्यालय के लिए गौरव की बात है। बैठक में जागेश्वर प्रसाद शुक्ला, अरुण चंद्राकार, रूपचंद साहू, चुनूलाल चंद्राकार, उमाशंकर शुक्ला, प्रबुद्ध वर्ग, डाक्टर, गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं श्रीमति गरिमा भारदीय सरपंच भरर सहित समन्वयक संकुल केन्द्र, समस्त विद्यालय परिवार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन मो.अंसारी प्रधान पाठक ने किया।

## कलंगपुर में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**बालोद/कलंगपुर।** संकुल केंद्र कलंगपुर में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संकुल केंद्र कलंगपुर से 6 प्राथमिक शाला एवं 3 माध्यमिक शाला के बच्चों के पालक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। बैठक में 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। शासन की विभिन्न योजनाओं निशुल्क पाठ्यपुस्तक निःशुल्क का गणेश छात्रवृत्ति एवं मध्यान भोजन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तहसीलदार गुण्डरदेही, प्राचार्य टीएस कोल्हे, शिक्षाविद सेवानिवृत्ति शिक्षक धीराज सिंह साहू, प्रभारी प्राचार्य डीएल.साहू, प्रधान पाठक कलंगपुर टीएल ठाकुर, प्रबंधन शाला प्रबंधन समिति सदस्यइंद्रजीत कुल्हारे, व्याख्याता एचएल साहू, व्याख्याता टीसी मंडावी, आरएन साहू, संकुल समन्वयक एमके साहू ने पालकों को संबोधित करते हुए मेगा बैठक के 12 बिंदुओं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पालक बृजलाल साहू, जवाहरलाल साहू, प्रधान पाठक कलंगपुर दिनेश खोबरागड़े, प्राथमिक शाला खलारी भारत लाल तिवारी, धनकर प्रधान पाठक मुंदेरा कमल किशोर दिल्लीवार, प्रधान पाठक पेंड्री योगेश साहू, प्रधान पाठक चारभाठा पोषेंद्र कुमार देवांगन, पूर्व माध्यमिक शाला कलंगपुर प्रभात कुमार साहू, शिक्षक सोमन लाल साहू, पालक सेवा नि. शिक्षक पेंड्री माखनलाल साहू, मिडिल स्कूल मुंदेरा एएल साहू, शिक्षक मिडिल स्कूल पेंड्री आरके साहू ने जानकारी दी।

प्राचार्य टीएस कोल्हे एवं प्रभारी प्राचार्य डीएल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में व्याख्याता डीके साहू, वाईके साहू, व्यायाम शिक्षक टीआर साहू, आरके साहू, एम टंडन तथा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक कलंगपुर एमके साहू ने किया।

## साहू कॉलेज में हुआ दीक्षारंभ समारोह





**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला विकासखंड में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शामिल 250 छात्र–छात्राएं शामिल हुए। सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर ने नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को संस्था के समस्त विभागों एवं शैक्षणिक सुविधाओं के बारे में बताया। सहायक अध्यापक वाणिज्य प्रमोद भारती ने एनएसएस, रेड क्रॉस ,खेलकूद आदि से नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ यशवंत कुमार साव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य, मुख्य प्रावधान, विशेषताएं एवं लाभ से अवगत कराया। उसके बाद प्रमोद भारती सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम डीएससी डीएसई जीई एईसी, वीएसी एवं जीई से अवगत कराया। वहीं, सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र योगिता ठाकुर ने क्रेडिट आधारित कोर्सेज सतत आंतरिक मूल्यांकन एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा के प्रावधानों की जानकारी दी। समारोह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ यशवंत साहू, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, सहायक प्राध्यापक प्रमोद भारती, सहायक प्राध्यापक योगिता ठाकुर, अतिथि प्राध्यापक डॉ आशीष कुमार द्विवेदी, अतिथि प्राध्यापक कमलेश्वर साहू, अतिथि प्राध्यापक राजेंद्र जघेल, ममता साहू, अंजनी पैंकरा, वंदना ध्रुव, जनप्रतिनिधि के रूप में टोमन लाल साहू महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कमलेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर ने किया।

## मकान से गैस सिलेंडर पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने गैस सिलेंडर चोरी कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि अटल आवास घासीदास नगर जामुल निवासी त्रिवेणी साहू ने शिकायत किया है कि 2 अगस्त की सुबह 9 बजे अपने भाई के घर गई थी। 3 अगस्त को घर लौटने पर पता चला मकान का ताला टूटा पड़ मिला। मकान से एक सिलेंडर गायब था।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

## महावीर भवन में जीवन दर्शन पर आधारित प्रवचन श्रृंखला जारी

# प्रेम घटता है तो अशांति बढ़ती है : संत ऋषभ सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

करुणा, प्रेम ये आत्मा के गुण हैं। इन्हें प्राप्त करने के लिए राग, द्वेष, अहंकार जैसे भावों पर नियंत्रण करना आवश्यक होता है। भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति के लिए जैसे हमारा सारा प्रयास होता है वैसे ही आत्मा के गुणों की प्राप्ति के लिए भी हमारा पुरुषार्थ होना चाहिए। दुनिया भर के जड़ पदार्थों में हम सुख तलाशते है, ये सुख स्थाई नहीं होते। मानवीय गुणों को आत्मसात करके ही हम सुख और शांति का अनुभव प्राप्त कर सकते है।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने जीवन दर्शन पर आधारित अपने व्याख्यान में व्यक्त किये, उन्होंने कहा कि चेतन ओर जड़ के साथ जीना सीखे, चेतन से न द्वेष रखें और न जड़ पदार्थों से राग, क्योकि आत्मा के लिए ये सब एक संयोग मात्र हैं, हमारा प्रयास आत्मा के गुणों के विकास के लिये होना चाहिए।



किसी भी कार्य मे उपलब्धि से अधिक महत्वपूर्ण प्रयास होता है। सद्गुणों की प्राप्ति के लिए पुरुषार्थ करें, जमाना और परिस्थितियों पर दोषारोपण न करें। प्रतिदिन व्यख्यान सुन रहे हैं उसे जीवन मे उतारने का भी प्रयास करें। परमात्मा के बताये मार्ग पर चलकर ही सुख और शांति प्राप्त की जा सकती है। सभी जीव कर्म के अधीन हैं, उनके स्वभाव को समझकर व्यवहार करें, सभी के प्रति धैर्य और समता का भाव रखें।

### परिस्थितियां कैसी भी हों, हमारी करुणा प्रेम, दया आदि के भाव न बिगड़ें

हमें पैसे का नुकसान तो नुकसान लगता है, लेकिन प्रेम के नुकसान में कोई नुकसान नहीं दिखता। पैसे के लिए आपस के प्रेम को खत्म कर लेते हैं। वास्तव में गरीब वो होता है जो पैसा तो दे सकता है, लेकिन प्रेम नहीं दे सकता। प्रेम घटता है तो अशांति बढ़ती है। पाप कर्म का उदय हो तो सब कुछ विपरीत होने लगता है। ऐसी परिस्थिति में भी स्वीकार्य भाव रखें अपने विचारों का न बिगड़ने दें। प्रयास करें परिस्थितियां कैसी भी हो हमारी करुणा, प्रेम, दया आदि के भाव न बिगड़ें।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
राशिः-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411